एक नजर में

एलआइसी दुनिया का सबसे मजबूत बीमा ब्रांड : रिपोर्ट

नई दिल्ली : एलआइसी विश्वस्तर पर सबसे मजबूत बीमा ब्रांड के रूप में उभरी है। ब्रांड फाइनेंस इंश्योरेंस 100, 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, एलआइसी का ब्रांड मूल्य 9 .8 अरब डालर पर स्थिर बना हुआ है। चीन के बीमा ब्रांड ने वैश्विक रैंकिंग में दबदबा बनाए रखा है। पिंग एन ब्रांड 33 .6 अरब डालर के साथ अग्रणी है। चाइना लाइफ इंश्योरेंस और सीपीआइसी तीसरे और पांचवें स्थान पर हैं। (प्रेट्र)

5,000 करोड़ का निवेश करेगी तेंदुलकर की कंपनी

मुंबई : पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर समर्थित कंपनी आरआरपी इलेक्ट्रानिक्स ने मंगलवार को महाराष्ट्र में सेमीकंडक्टर सुविधा के लिए 5,000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि यह निवेश अगले पांच साल में किया जाएगा। कुल निवेश में तेंदुलकर या अन्य शेयरधारकों के योगदान का कंपनी द्वारा जानकारी नहीं दी गई है। (प्रेट्र)

रबी फसल का पांच लाख टन प्याज खरीदेगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली : प्याज निर्यात प्रतिबंध को आगे बढ़ाने की वजह से कीमतों में संभावित गिरावट की चिंताओं के बीच सरकार ने मंगलवार को किसानों को भरोसा दिलाया कि वह अगले 2-3 दिन में पांच लाख टन रबी प्याज की खरीद शुरू करेगी। पिछले सप्ताह वाणिज्य मंत्रालय ने प्याज निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया था। प्याज निर्यात पर रोक 31 मार्च तक वैध थी। (प्रेट्र)

लक्जरी घरों की बिक्री में 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी

नई दिल्ली : 2023 में मजबूत मांग के चलते 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की बिक्री मूल्य के हिसाब से 51 प्रतिशत बढ़कर 4,319 करोड़ रुपये हो गई। रियल एस्टेट सलाहकार जेएलएल के अनुसार, 50 करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत वाले कम से कम 45 मकान 2023 में 4,319 करोड़ रुपये में बेचे गए। 2022 में इस मूल्य वर्ग में 2,859 करोड़ के 29 मकान बिके थे। इन लक्जरी मकानों में बंगले और अपार्टमेंट दोनों हैं। (प्रेट्र)

वैश्विक बाजार में बढ़ रही फल-सब्जी की मांग

अप्रैल से फरवरी के दौरान निर्यात 15.38 प्रतिशत बढ़ा, इनकी खेती करने वाले किसानों को हो रहा फायदा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : भारत के फल और सब्जी की मांग वैश्विक बाजार में लगातार बढ़ रही है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल से फरवरी के दौरान भारतीय फल-सब्जी के निर्यात में पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि की तुलना में 15.38 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

इस बढ़ोतरी से उन राज्यों के किसानों को अधिक फायदा मिल रहा है, जहां फल-सब्जी की अधिक खेती की जा रही है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु प्रमुख फल उत्पादक राज्य हैं। वहीं सब्जी का उत्पादन करने वालों में बंगाल, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र व ओडिशा शामिल हैं। उत्तर प्रदेश से तो हरी मिर्च से लेकर दूसरी हरी सब्जियों के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आलू का निर्यात भी हाल ही में शुरू किया गया है। केले के निर्यात में तो चालू वित्त वर्ष में 50 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक फल और सब्जी के वैश्विक बाजार में अभी भारत की हिस्सेदारी लगभग एक प्रतिशत है, इसलिए फल व सब्जी के निर्यात में बढ़ोतरी की बहुत बड़ी संभावना बची हुई है। पांच साल पहले तक अधिकतर फल-सब्जी का निर्यात एशिया और खाड़ी के देशों तक सीमित था। हालांकि अब भारत के फलों के मुख्य खरीदारों में अमेरिका व नीदरलैंड्स भी शामिल हो गया है।

वहीं भारतीय सब्जी का मुख्य खरीदार ब्रिटेन बन गया है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी में भारत ने 3.22 अरब डालर का निर्यात किया जबकि पूर्व के वित्त वर्ष की समान अवधि में यह निर्यात 2.79 अरब डालर का था। यूरोप के बाजार में भारतीय फल व सब्जी के निर्यात को बढ़ाने के लिए सरकारी स्तर पर कई प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही आस्ट्रेलिया के बाजार में अनार का निर्यात शुरू होने जा रहा है और इस दिशा में सहमति भी बन गई है। जल्द ही फल और सब्जी निर्यात में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

फल के निर्यात में अप्रैल-फरवरी के दौरान होने वाली बढ़ोतरी

अमेरिका	170 प्रतिशत
नीदरलैंड	140 प्रतिशत
इरान	45 प्रतिशत
इराक	129 प्रतिशत
यूएई	37 प्रतिशत

सब्जी निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में होने वाली बढ़ोतरी

यूके	29 प्रतिशत
श्रीलंका	15 प्रतिशत
बांग्लादेश	105 प्रतिशत
सऊदी अरब	7 प्रतिशत

स्रोत : वाणिज्य मंत्रालय

- नीदरलैंड्स से लेकर अमेरिका तक जा रहे हैं फल और सब्जियां
- पांच साल पहले निर्यात एशिया व खाड़ी के देशों तक सीमित था

चालू खाता घाटा दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डालर पर

नई दिल्ली, प्रेट्र : आरबीआइ ने कहा है कि देश का चालू खाते का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 10.5 अरब डालर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा है। इससे पिछली यानी जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 11.4 अरब डालर तथा एक साल पहले 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 16.8 अरब डालर था। शुद्ध एफडीआइ (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) प्रवाह अप्रैल-दिसंबर, 2023 में 8.5 अरब डालर रहा। एक साल पहले 2022-23 की इसी अवधि में यह 21.6 अरब डालर था।

साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार (भुगतान संतुलन आधार पर) में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में छह अरब डालर की वृद्धि हुई। जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में इसमें 11.1 अरब डालर की वृद्धि हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान वस्तु व्यापार घाटा 71.6 अरब डालर रहा, जो 2022-23 की इसी तिमाही में 71.3 अरब डालर से थोड़ा अधिक है। साफ्टवेयर निर्यात, व्यापार और यात्रा सेवाओं के बढ़ने से सेवा निर्यात में सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शुद्ध सेवा प्राप्तियों में न केवल पिछली तिमाही की तुलना में बल्कि सालाना आधार पर भी वृद्धि हुई।

- 2022-23 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में यह 16.8 अरब डालर था
- शुद्ध एफडीआइ प्रवाह अप्रैल-दिसंबर में 8.5 अरब डालर रहा

एसएंडपी ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.8% किया

नई दिल्ली, प्रेट्र : एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अगले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर मंगलवार को 6.8 प्रतिशत कर दिया। अमेरिका स्थित एजेंसी ने पिछले साल नवंबर में मजबूत घरेलू मांग के बीच वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया था।

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। एसएंडपी ने कहा कि उसे अगले वित्त वर्ष में भारत में ब्याज दरों में 75 आधार अंकों की कटौती का अनुमान है।

एसएंडपी ने एशिया प्रशांत के लिए अपने 'इकोनमिक आउटलुक' में कहा, 'एशियाई उभरती बाजार (ईएम) अर्थव्यवस्थाओं के लिए हम आमतौर पर मजबूत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं, जिसमें भारत, इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम अग्रणी हैं।' एजेंसी के अनुसार, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़े पैमाने पर घरेलू मांग-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू खर्च करने की क्षमता पर उच्च ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के प्रभाव ने दूसरी छमाही में क्रमिक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कम किया है।

एसएंडपी ने कहा, 'हमे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 (मार्च 2025 को समाप्त) में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत हो जाएगी।' अगले वित्त वर्ष में प्रतिबंधात्मक ब्याज दरों का मांग पर असर पड़ने की संभावना है।

अमेरिका स्थित रेटिंग एजेंसी ने कहा-उसे अगले वित्त वर्ष में भारत में ब्याज दरों में 75 आधार अंकों की कटौती का अनुमान

इरडा ने पालिसी वापसी शुल्क से संबंधित नियम में बदलाव किया

नई दिल्ली, प्रेट्र : भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने विभिन्न नियमों को अधिसूचित किया है। इसमें बीमा पालिसी वापस करने या सरेंडर करने से जुड़ा शुल्क भी शामिल है। इसमें बीमा कंपनियों को ऐसे शुल्क की पहले ही जानकारी देनी होती है। ये नियम एक अप्रैल से प्रभावी होंगे।

नियमों के तहत यह तय किया गया है कि यदि पालिसी खरीद के तीन साल के भीतर लौटाई या वापस की जाती है तो वापसी मूल्य समान या उससे भी कम रहने की संभावना है। हालांकि जिस पालिसी को चौथे से सातवें वर्ष तक वापस किया जाता है, उनके वापसी मूल्य में मामूली वृद्धि हो सकती है। बीमा में वापसी मूल्य से तात्पर्य बीमा कंपनियों के पालिसीधारक को उसकी परिपक्वता तिथि से पहले पालिसी समाप्त करने पर भुगतान की गई राशि से है। यदि पालिसीधारक पालिसी अवधि के दौरान 'सरेंडर' करता है, तो उसे कमाई और बचत हिस्से का भुगतान किया जाता है।

मुंबई में रहते हैं एशिया के सबसे ज्यादा अरबपति

नई दिल्ली, आइएएनएस : मुंबई में एशिया के सबसे ज्यादा अरबपति रहते हैं। उसने इस मामले में बीजिंग को पीछे छोड़ दिया है। वहीं दुनियाभर में अरबपतियों की संख्या की बात करें तो 271 धनाढ्यों के साथ जर्मनी को पीछे छोड़ भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हुरून रिसर्च की 2024 ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक, 'मुंबई के 603 वर्गकिलोमीटर में अब बीजिंग के 16,000 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा अरबपति रहते हैं।

चीन में भारत के 271 के मुकाबले 814 अरबपति हैं, वहीं मुंबई में बीजिंग के 91 के मुकाबले 92 अरबपति हैं। वैश्विक स्तर पर सूची में 167 नए अरबपति शामिल हुए हैं, जिससे वैश्विक पर इनकी कुल संख्या 3,279 पहुंच गई है। पिछले एक साल के दौरान अमेरिका में 109 नए अरबपति बने हैं और इस तरह वहां धनाढ्यों की संख्या 800 पहुंच गई है। हालांकि चीन में अरबपतियों की संख्या में 155 की गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन 814 अरबपतियों के साथ वह अभी भी सूची में शीर्ष पर है। भारत के अरबपतियों की सूची में पिछले एक साल के दौरान 94 नए धनाढ्य जुड़े हैं, जो अमेरिका के बाद सबसे अधिक हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के अरबपतियों की संपत्ति एक ट्रिलियन डालर पहुंच गई और यह चीन के प्रति अरबपति की औसत संपत्ति 3.2 अरब डालर के मुकाबले बढ़कर 3.8 अरब डालर हो गई है। फार्मास्युटिकल्स क्षेत्र 39 अरबपतियों के साथ सबसे आगे हैं। इसके बाद आटोमोबाइल और आटोकलपुर्जा उद्योग से जुड़े 27 और केमिकल सेक्टर के 24 अरबपति का नंबर आता है। भारतीय अरबपतियों की संपत्ति एक ट्रिलियन डालर के बराबर है और यह वैश्विक अरबपतियों की संपत्ति का सात प्रतिशत है।

- 271 अरबपतियों के साथ जर्मनी को पछाड़ भारत तीसरे स्थान पर
- फार्मास्युटिकल्स क्षेत्र 39 अरबपतियों के साथ सबसे आगे

हुरून सूची 2024 : मुंबई ने बीजिंग को पीछे छोड़ा



मुकेश अंबानी ● गौतम अदाणी ●

भारत में रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी पहले नंबर पर

भारतीय अरबपतियों की सूची में सबसे आगे रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी हैं। उनकी संपत्ति 115 अरब डालर है। वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान पर हैं। अदाणी समूह के गौतम अदाणी दूसरे नंबर पर हैं और उनकी संपत्ति 86 अरब डालर है। वैश्विक रैंकिंग में अदाणी 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ला के एलन मस्क 231 अरब डालर के साथ शीर्ष पर हैं। एमेजोन के जेफ बेजोस दूसरे नंबर पर हैं। उनकी संपत्ति 185 अरब डालर हो गई है। पिछले साल पहले पायदान पर रहे बर्नार्ड अर्नाल्ट 175 अरब डालर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय

अज्ञात शक्तियों के हाथ में खेल रहे हैं कांग्रेस और आइएनडीआइए : भाजपा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : भाजपा की मंडी संसदीय सीट से प्रत्याशी अभिनेत्री कंगना रनोट को लेकर की गई आपत्तिजनक पोस्ट पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने जो सफाई दी, उसे लेकर भाजपा ने उन्हें उलटा घेरने की कोशिश की है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस इंटरनेट मीडिया विभाग की चेयरपर्सन के बयान से स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस के अकाउंट कहां से डील होते हैं। इसे तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के मामले से जोड़ते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और आइएनडीआइए अज्ञात शक्तियों के हाथ में खेल रहे हैं।

भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस इंटरनेट मीडिया विभाग की चेयपर्सन की कंगना रनोट के ऊपर एक्स पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि उनके इंटरनेट मीडिया अकाउंट को कोई और डील करता है। तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि इससे पहले आइएनडीआइए की नेता के प्रश्न वाले अकाउंट विदेश से डील हो रहे थे। सोचने वाली बात है कि कौन-कौन सी शक्तियां मैसेज बनाकर भेजती हैं, जिन्हें वैसा का वैसा ही आगे बढ़ा दिया जाता है। यह प्रमाणित करता है कांग्रेस व आइएनडीआइए अज्ञात शक्तियों के हाथ में खेल रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने विपक्षी नेताओं के विवादित बयानों का भी उल्लेख किया व कहा पहले भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अभद्र व निंदनीय बयान दिए। अब ऐसा प्रतीत होता है कि तथाकथित मुहब्बत की दुकान में सिर्फ जहरीले सामान ही नहीं हैं, बल्कि यह सियासी फरमान का हिस्सा है।

कांग्रेस नहीं चाहती, गरीबों को मिले पेंशन : सीतारमण

जाव्यू, नई दिल्ली : 2015 में शुरू की गई अटल पेंशन योजना को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश के हमले के जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कांग्रेस नहीं चाहती कि गरीबों को पेंशन मिले। कांग्रेस गरीबों को अपने ऊपर आश्रित रखना चाहती है ताकि वंशवाद की राजनीति चलती रहे। रमेश ने एक्स पर एपीवाई को लचर तरीके से डिजाइन की गई स्कीम बताया। सीतारमण ने रमेश के इन आरोपों के जवाब में एक्स पर कहा यह स्कीम गरीबों को ध्यान में रखकर सरकार की सब्सिडी से चलाई जा रही है। सरकार यह सब्सिडी पेंशन निधि विनियामक व विकास प्राधिकरण को देती है ताकि पेंशनर्स के रिटर्न की कमी को पूरा किया जा सके।

लुधियाना के कांग्रेस सांसद रवनीत बिट्टू भाजपा में शामिल

इन्द्रप्रीत सिंह, चंडीगढ़ : लुधियाना से कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए। पंजाब में आतंकवाद को खत्म करने में अपना बलिदान देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बेअंत सिंह के पौत्र बिट्टू राज्य में पार्टी बड़ा चेहरा थे। वह तीन बार सांसद रह चुके हैं। मंगलवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े ने बिट्टू को पार्टी में शामिल करवाया। रवनीत सिंह बिट्टू 2009 में श्री आनंदपुर साहिब और 2014 और 2019 में वह लुधियाना से चुनाव लड़े और जीते थे।

हनुमानगढ़ी में भी उमड़े भक्त

जासं, अयोध्या : श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्र बताते हैं कि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा का मुहूर्त उदया तिथि में होने से रामलला की होली मंगलवार को खेली जा रही है। उधर, हनुमानगढ़ी में भी तिल रखने की जगह नहीं बची थी। परंपरा के अनुरूप होली पर्व के बाद पड़ने वाले मंगलवार को भक्तजन श्री हनुमान जी को हरा चना पौध सहित (होरहा) अर्पित करते हैं। इनमें बड़ी संख्या में कठिन श्रम करने वाले सेवकगण होते हैं। मंदिर के मंडप में फाग भी चल रहा है।

स्थानीय फाग गायकों की टोली में हारमोनियम पर मिथिला बिहारी दास, तबले पर सिया लाडली शरण के साथ लालजी मलिक का जोश पूरे परिसर पर छाया हुआ है। मंदिर की व्यवस्था से जुड़े फूलकांत कहते हैं फाग गायन से पूरे मंडप में उमंग के रंग बिखर जाते हैं। ये पंक्तियां तो जन-जन को कंठस्थ हैं-

होली खेलैं रघुबीरा अवध में
होली खेलैं रघुबीरा..
केकरे हाथे कनक पिचकारी
केकरे हाथे अबीरा अवध में
रामजी के हाथे कनक पिचकारी
लक्ष्मण हाथे अबीरा अवध में...

विशिष्ट है गुलाल

राष्ट्रीय वानस्पतिक अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआइ) ने कचनार और गोरख नाथ पीठ में अर्पित पुष्पों से बना गुलाल रामलला को अर्पित किया गया। कचनार त्रेता युग में अयोध्या का राजवृक्ष था। विरासत को वर्तमान से जोड़ने के उद्देश्य से इसी के पुष्प से गुलाल बनाया गया। पादप विज्ञानी कहते हैं कि कचनार के पुष्प में औषधीय गुण होते हैं।

मनोविज्ञान की परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली, प्रेट्र : सीआइएससीई ने मंगलवार को 12वीं कक्षा की मनोविज्ञान परीक्षा स्थगित करने की घोषणा की। परीक्षा अब चार अप्रैल को दोपहर दो बजे आयोजित की जाएगी। बोर्ड की उप सचिव संगीता भाटिया ने कहा कि एक परीक्षा केंद्र ने 12वीं कक्षा के मनोविज्ञान प्रश्नपत्र के खो जाने की सूचना दी है।

महाकाल मंदिर के गर्भगृह में आग से 14 झुलसे, जांच के आदेश

नईदुनिया, उज्जैन : ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में सोमवार सुबह भस्म आरती के दौरान गर्भगृह में आग लग गई। इससे पुजारी, पंडे और सेवकों सहित कुल 14 लोग झुलस गए, घटना से मंदिर में अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से नौ लोगों को इंदौर रेफर किया गया। सभी की हालत खतरे से बाहर है। घटना को लेकर मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं।

सोमवार को ही मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव घायलों से मिलने जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घोषणा की घायलों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी, इलाज का सारा खर्च शासन उठाएगा। घटना पर पीएम नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुख जताया।

परमार्थ निकेतन की गंगा आरती वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड में सूचीबद्ध

स्वामी चिदानंद सरस्वती को प्रमाण पत्र देते वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड के अधिकारी ● जागरण

जासं, ऋषिकेश : परमार्थ निकेतन के गंगा घाट पर होने वाली गंगा आरती को वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड में सूचीबद्ध किया गया है। वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड के अधिकारियों ने इस संबंध में स्वामी चिदानंद सरस्वती को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने 1997 में गंगा आरती शुरू की थी। स्वामी चिदानंद ने कहा नदियां धरती की रुधिर वाहिकाएं हैं। नदियों के जल में भारतीय संस्कृति का नाद गूंजता है। नदियां जीवन और जीविका का आधार है, इसलिए हमने गंगा आरती के माध्यम से जल के प्रति जागरण की शुरुआत की है। वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड, लंदन के अध्यक्ष व सीइओ संतोष शुक्ला ने बताया परमार्थ निकेतन की गंगा आरती को वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड्स ने 30 मिनट की आरती के रूप में सूचीबद्ध किया।

परिणय सूत्र में बंधीं तापसी पन्नू

एंटरटेनमेंट ब्यूरो, मुंबई : अभिनेत्री तापसी पन्नू ब्वायफ्रेंड डेनमार्क के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मैथियास बो संग परिणय सूत्र में बंध गई हैं। हालांकि उन्होंने इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

बीते सोमवार को होली के अवसर पर तापसी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुई, जिसमें माथे पर गुलाल सिंदूर की तरह लगा दिख रहा है। इस तस्वीर को अभिनेता अभिलाष थपलियाल ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है।

मंत्री ने सुनाया केजरीवाल का नया आदेश, भाजपा बोली-सस्ता प्रचार

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : ईडी की हिरासत में रहते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल के नाम के संदेश व प्रशासनिक निर्देश पर भाजपा ने कड़ी आपत्ति जताई है। भाजपा नेताओं का कहना है कि नौ वर्षों में मुख्यमंत्री ने पानी, सीवर व दवा की समस्या दूर करने के लिए कुछ नहीं किया। अब वह ईडी की रिमांड में फर्जी तरीके से उन विषयों पर आदेश जारी करवा रहे हैं, जो सरकार के दैनिक कामकाज में शामिल होने चाहिए। जो आदेश मुख्यमंत्री के बताकर लोगों को सुनाए जा रहे हैं, वो मात्र एक चुनावी शिगूफा हैं। मंगलवार को प्रेस वार्ता में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से आदेश मिला है कि दिल्ली के सभी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में मुफ्त दवाओं व जांच सुविधाओं को सुचारु रखा जाए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा नौ वर्षों में केजरीवाल ने दिल्लीवासियों के लिए कुछ नहीं किया। यह सस्ते प्रचार के लिए ही मुख्यमंत्री का तरीका है।

विजयपत का पुत्र गौतम संग सुलह से इन्कार

नई दिल्ली, प्रेट्र : रेमंड के संस्थापक विजयपत सिंहानिया ने मंगलवार को पुत्र गौतम सिंहानिया के साथ सुलह से इन्कार कर दिया। उनके बेटे ने इंटरनेट पर एक तस्वीर डाली थी, जिससे उनके मतभेद दूर होने के अटकलें लगने लगी थी। विजयपत सिंहानिया ने वीडियो संदेश में कहा वह बेमन से अपने बेटे गौतम से मिलने गए थे। उनके बेटे गौतम ने काफी पीने पर जोर दिया। इसका मकसद मेरी तस्वीर लेना व मीडिया को गलत संदेश देना था।

अमेरिका में मालवाहक जहाज की टक्कर से गिरा पुल, कई लोग बहे

बाल्टीमोर, रायटर : अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बना ऐतिहासिक फ्रांसिस स्काट की पुल मंगलवार देररात तकरीबन डेढ़ बजे सिंगापुर के ध्वज वाले मालवाहक जहाज डाली के टकराने से गिर गया। हादसे से ठीक पहले जहाज के चालक दल के सदस्यों ने मदद करने की गुहार लगाई थी। हादसे के बाद पुल से कई लोग और कारें नदी में गिर गईं। राहतकर्मियों ने नदी से दो लोगों को बचा लिया। बचावकर्मी अब भी छह लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

जहाज के चालक दल के सभी 22 सदस्य भारतीय हैं व सभी सुरक्षित हैं। मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने बताया कि मालवाहक जहाज के चालक ने हादसे से ठीक पहले मदद करने की गुहार लगाई थी। माना जा रहा बिजली से जुड़ी समस्या के कारण जहाज पुल के स्तंभ से टकराया और पुल धराशायी हो गया। प्रारंभिक जांच दुर्घटना की ओर इशारा कर रही है। घटना में आतंकवाद का कोई सुबूत नहीं मिला है। राज्य के परिवहन सचिव ने बताया हादसे के समय आठ लोग पुल पर थे और छह अब भी लापता हैं। हादसे से पहले चालक दल के सदस्यों ने जहाज पर अधिकारियों को बिजली की समस्या बताई थी। बिजली समस्या के कारण ही जहाज पुल के स्तंभ से टकराया और पुल धराशायी हो गया। यूट्यूब पर साझा किए गए वीडियो में जहाज को पुल से टकराता दिखाया गया है।

अमेरिका के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बना पुल मालवाहक जहाज के टकराने के कारण ढह गया ● रायटर

लड़ाकू विमानों के पायलटों के लिए देश में ही बनेंगे एंटी ग्रेविटी सूट

जागरण विशेष

विवेक मिश्र ● कानपुर

लड़ाकू विमानों के पायलटों को गुरुत्वाकर्षण बल झेलने की क्षमता प्रदान करने वाला एंटी ग्रेविटी सूट यानी गुरुत्वाकर्षण विरोधी सूट अब देश में ही बनने से विदेश पर से निर्भरता खत्म होगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की शाखा रक्षा जैव-इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रो मेडिकल प्रयोगशाला (डीईबीईएल) ने यह सूट बनाने की तकनीक विकसित कर ली है। आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया को आगे बढ़ाते हुए डीईबीईएल ने रक्षा मंत्रालय के डीपीएसयू (सरकारी क्षेत्र के रक्षा उपक्रम) टूप कंफर्ट्स लिमिटेड (टीसीएल) की चेन्नई के आवाडी स्थित आयुध वस्त्र निर्माणी को प्रौद्योगिकी हस्तांतरित करेगा। भारत में कुल 2000 विमान हैं जिनमें से सभी बलों में एक हजार लड़ाकू विमान हैं।

डीआरडीओ की शाखा डीईबीईएल ने एंटी जी सूट की तकनीक विकसित करने की उपलब्धि हासिल की है। सूट के लिए अब विदेश पर से निर्भरता खत्म होगी। डीईबीईएल के सहयोग से प्रौद्योगिकी हस्तांरित होते ही ओसीएफ, आवाडी में सूट का उत्पादन शुरू किया जाएगा। **राजीव शर्मा,** महाप्रबंधक, टीसीएल

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

NOTICE INVITING TENDER

Tirwa Transmission Limited

S-2, Technocrat Indl. Estate, Balanagar, Hyderabad, Telangana-500037 Tel: +91-9676520044/+91-8790994621

No:TTL / TBCB / TIRWA / 23-24 / SS & TL-1 Date: 27-03-2024

Siddhi Consulting Engineers Pvt. Ltd., Plot No. 35, Vijetha Green Homes, Nizampet Road, Hyderabad – 500 072. (India) for and on behalf of M/s. Tirwa Transmission Limited (hereafter referred as TTL), S-2, Technocrat Indl. Estate, Balanagar, Hyderabad, Telangana-500037 invites tenders under two bid system, from registered / approved and eligible contractors/Agencies of PGCIL, Central Utilities and State Utilities for **Construction of "220/132/33 KV Tirwa (Kannauj) Substation with associated lines and LILO of one circuit of 400kV D/C (Twin Moose) Shamli-Aligarh line at THDC2x660 MW Khurja Power Plant" under Turnkey basis.**

**On remittance of Tender fee can share the payment details to info@siddhi.asia /info@ttl.in.net for obtaining the tender details as well as tender documents

**Tender fee Rs.25,000+GST. Account Details: Tirwa Transmission Limited A/c.No:135205001301 IFSC: ICIC0001352.

Sl. No	Name of Tender	Earnest Money Deposit (INR)	Document download/ clarification start/ sale start date	Document download/ sale end date	Prebid Meeting date	Bid (soft) submission start & end date	Bid (hardcopy) submission date	Bid Opening date & time
01	Construction of "220/132/33 KV Tirwa (Kannauj) Substation with associated lines and LILO of one circuit of 400kV D/C (Twin Moose) Shamli-Aligarh line at THDC2x660 MW Khurja Power Plant" under Turnkey basis.	Refer the "FORMAT OF THE BID SECURITY DECLARATION"	29-03-2024 16:00 Hrs.	03-04-2024 16:00 Hrs.	01-04-2024 11:00 Hrs.	Start: 08-04-2024 11:00 Hrs. End: 08-04-2024 16:00 Hrs.	Start: 10-04-2024 11:00 Hrs. End: 10-04-2024 16:00 Hrs	12-04-2024 11:00 Hrs.